भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 400

दिनांक 04.02.2021 को उत्तर देने के लिए

भारत के रणनीतिक हितों पर ब्रेक्जिट का प्रभाव

400. श्री सजय सिंह:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के रणनीतिक हितों पर ब्रेक्जिट का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ख) भारत का ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) भारत और यूके वर्ष 2004 से रणनीतिक भागीदार हैं। यूके द्वारा यूरोपीय संघ छोड़ने के दृष्टिगत दोनों देश व्यापार एवं समृद्धि, रक्षा एवं सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन एवं स्वच्छ ऊर्जा, आवाजाही और उत्प्रवासन एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों सहित प्रमुख क्षेत्रों में बढ़े हुए सहयोग की असीम संभावनाओं को समझते हैं। भारत और यूके रणनीतिक भागीदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एक व्यापक 10 वर्षीय सर्वसमावेशी कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं।

***